**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# इरेडा ने "12वें पीएसई उत्कृष्टता पुरस्कार 2022" के दौरान तीन पुरस्कार जीते

## इरेडा के सीएमडी ने "सीएमडी ऑफ द ईयर" का पुरस्कार जीता; इरेडा ने "कंपनी ऑफ द ईयर"का सम्मान जीता

## केंद्रीय विद्युत और एनआरई मंत्री ने तीन पुरस्कार जीतने पर इरेडा की प्रशंसा की



नई दिल्ली, 17 मार्च, 2023

नई दिल्ली में आज आयोजित "12वें पीएसई एक्सीलेंस अवार्ड्स 2022" समारोह में चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा मिनी-रत्न श्रेणी के अंतर्गत भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) को तीन प्रतिष्ठित पुरस्कारों, **"कंपनी ऑफ द ईयर"**, "**सीएमडी ऑफ द ईयर**" और "**ऑपरेशनल परफॉर्मेंस एक्सीलेंस (फर्स्ट रनर-अप)**" से सम्मानित किया गया है।

इरेडा को भारत में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के विकास और प्रगति में अपनी महत्वपूर्ण योगदान के लिए **"कंपनी ऑफ द ईयर" पुरस्कार** के रूप में **विशेष जूरी पुरस्कार** मिला। यह पुरस्कार देश भर में आरई परियोजनाओं को वित्तपोषित करने और बढ़ावा देने तथा नवीन और उभरती हुई आरई प्रौद्योगिकियों को बैंक योग्य बनाने के लिए इरेडा की उत्कृष्ट उपलब्धियों का पुरस्कार है।

इरेडा ने 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक आरई ऋण संचयी रूप से स्वीकृत किया है और आज की तारीख के अनुसार 40,000 करोड़ रुपए से अधिक की ऋण बुक सहित 92,500 करोड़ रुपये से अधिक की आरई ऋणों को वित्तपोषित किया है जोकि सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट सुप्रशासन प्रणाली को सुनिश्चित करते हुए दूसरों के लिए बेंचमार्क बन गया है ।







इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास को उनके दूरदर्शी और करिश्माई नेतृत्व और भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न नवीन वित्तपोषण योजनाओं और उत्पादों के माध्यम से योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इरेडा पिछले तीन वर्षों से मजबूत विकास पथ पर अग्रसर है। इरेडा ने हाल ही में, भारतीय रिजर्व बैंक से "इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईएफसी )" का दर्जा प्राप्त किया है और आईसीआरए ने कंपनी की रेटिंग को "एए +" (आउटलुक: पॉजिटिव) से " एएए " (आउटलुक: स्टेबल) में अपग्रेड किया है।

केंद्रीय विद्युत तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर.के. सिंह ने तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने के लिए इरेडा के सीएमडी की प्रशंसा की । नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव,श्री भूपिंदर सिंह भल्ला, और विद्युत मंत्रालय के सचिव, श्री आलोक कुमार ने भी इरेडा की उत्कृष्ट उपलब्धियों और भारत में आरई क्षेत्र के विकास में योगदान के लिए उसकी सराहना की।

इरेडा के सीएमडी ने केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा और रसायन और उर्वरक मंत्रालय के राज्य मंत्री; एमएनआरई के सचिव ; विद्युत मंत्रालय के सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए अपना आभार व्यक्त किया । उन्होंने देश भर में आरई क्षेत्र के विकास में इरेडा टीम की अथक प्रयासों को भी स्वीकार किया।

श्री दास ने इस तथ्य पर जोर दिया कि इरेडा देश में सबसे बड़ी आरई फंडिंग एजेंसी होने के नाते, माननीय प्रधान मंत्री के 'पंचामृत' लक्ष्यों को समर्थन देने और प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इरेडा वर्ष 2030 तक 500 गीगावट की गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्थापित क्षमता को प्राप्त करने के लिए एक अभिन्न हिस्सा है।




इरेडा के सीएमडी ने कहा कि यह मान्यता कॉर्पोरेट सुप्रशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए इरेडा के तीन सी के सिद्धांतों यानी स्पष्टता, दृढ़ विश्वास और प्रतिबद्धता को और बढ़ावा देगी। इरेडा की टीम देश के सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए और अधिक सक्रिय होगी।